# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 05 मई 2025








Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine



**Yesterday, Quiz:**

## Q. राजस्थान की वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास का निधन हो गया, वह किस आयोग की अध्यक्ष रही थी?

(a) राष्ट्रीय महिला आयोग

(b) राज्य महिला आयोग

(c) राष्ट्रीय सूचना आयोग

(d) इनमें से कोई नही

*◆राजस्थान की वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास का 1 मई 2025 को निधन हो गया*

*◆राजस्थान के नाथद्वारा में जन्मी डॉ. गिरिजा व्यास का राजनीतिक सफर प्रेरणादायक रहा. 1985 में वे राजस्थान विधानसभा से विधायक बनीं और 1990 तक पर्यटन मंत्री रहीं. ◆1991, 1996 और 1999 में उदयपुर से लोकसभा सांसद चुनी गईं. उन्होंने नरसिम्हा राव सरकार में सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री और मनमोहन सिंह की यूपीए-2 सरकार में शहरी आवास एवं गरीबी उन्मूलन मंत्री के रूप में काम किया. ◆2001-04 तक वे राजस्थान कांग्रेस की अध्यक्ष रहीं और 2005-11 तक राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन रहीं.*

01. राजस्थान के जयपुर में ' मीट इन इंडिया ' कॉन्क्लेव का शुभारंभ कब किया गया

(A) 02 मई को

(B) 04 मई को

(C) 01 मई को

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦04 मई को जयपुर में ‘ मीट इन इंडिया ‘ कॉन्क्लेव और जीआईटीबी 2025 का उद्घाटन किया गया।

♦ इस कार्यक्रम का शुभारंभ राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सीतापुरा में संयुक्त रूप से किया।

♦मीट इन इंडिया ‘ कॉन्क्लेव 4 से 6 मई तक तीन दिनों तक जारी रहेगा।

♦केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय, राजस्थान पर्यटन विभाग एवं फिक्की के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ‘दी ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार के 14वें संस्करण का आयोजन किया जा रहा है

02. हाल ही में नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा जारी (500) आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में राजस्थान के शेरगढ़ ब्लॉक ने भारत में कौनसी रैंक हासिल की है।

(A) 74 वीं

(B) 18 वीं

(C) 81 वीं

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा जारी (500) आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम (aspirational block programme, ABP) में जोधपुर जिले में शेरगढ़ ब्लॉक ने जोन-4 (पश्चिमी भारत महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान) में प्रथम रैंक व सम्पूर्ण भारत में 18 वीं रैंक हासिल की है।

♦ प्रथम रैंक लिए इनाम स्वरूप शेरगढ़ ब्लॉक को 1.5 करोड़ रूपये की इनाम राशी मिलेगी।

**03.हाल ही में लोनावाला, मुंबई में आयोजित राष्ट्रीय आयुष मिशन कॉन्क्लेव में राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व किसके द्वारा किया गया?**

(a) भजनलाल शर्मा

(b) दीया कुमारी

(c) डॉ. प्रेम चंद बैरवा

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦उप मुख्यमंत्री एवं आयुष मंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा द्वारा 1 व 2 मई को लोनावाला, मुंबई में आयोजित राष्ट्रीय आयुष मिशन कॉन्क्लेव में राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व किया गया।

♦राष्ट्रीय आयुष मिशन, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इस कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया

♦आयुष मिशन के तहत राजस्थान द्वारा देश में सर्वाधिक 2019 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) क्रियाशील किये गए हैं♦राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत 2015-16 से अब तक राजस्थान हेतु 68528.334 लाख रूपये स्वीकृत किये गए हैं,।

**04.राजस्थान के किस जिले में इंस्टीट्यूट ऑफ माइंस की स्थापना की जाएगी?**

(a) उदयपुर

(b) बांसवाड़ा

(c) बीकानेर

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦राजस्थान सरकार ने बजट 2025-26 में खनन सेक्टर काे लेकर उदयपुर काे बड़ी साैगात दी।

♦यहां खनिजाें पर रिसर्च के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ माइंस की स्थापना की जाएगी।

♦खान विभाग का मुख्यालय भी उदयपुर में है।

♦उदयपुर रीजन में मेटल और इंडस्ट्रीयल मिनरल्स का खनन हाेता है। इससे बेहतर तकनीकाें के साथ खनन हाेगा। युवाओं काे ज्यादा संख्या में राेजगार उपलब्ध हाेंगे।।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

05. हाल ही में राजस्थान में दैनिक भास्कर की ओर से City Icon Awards 2025 से कितने व्यक्तियों को सम्मानित किया गया

(a) 40

(b) 30

(c) 50

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➥ दैनिक भास्कर की ओर से बुधवार शाम होटल क्लार्क्स आमेर में गुलाबी शहर की पहचान बने उन चेहरों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट काम कर जयपुर का नाम देश और दुनिया में रोशन किया है।

♦एक दिन उनके सम्मान के लिए, जो जीते हैं जयपुर के मान के लिए थीम पर आयोजित 'City Icon Awards 2025' समारोह में समाजसेवा, चिकित्सा, शिक्षा, आर्ट, म्यूजिक, बिजनेस, फैशन, हॉस्पिटैलिटी और ब्रांडिंग के क्षेत्र में योगदान देने वाले 50 से ज्यादा लोगों को सम्मानित किया गया।

**06. राजस्थान में पहली बार स्वदेशी तकनीक से विकसित कैंसर वैक्सीन कहां तैयार की जा रही है?**

(a) महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज, जयपुर

(b) एसएमएस जयपुर

(c) आईआईटी जोधपुर

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦राजस्थान में पहली बार स्वदेशी तकनीक से विकसित कैंसर वैक्सीन तैयार की जा रही है। इस टीके से मात्र 10,000 रुपये की लागत से कैंसर का इलाज हो सकेगा।

♦जयपुर स्थित महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज को डेंड्राइटिक सेल वैक्सीन बनाने की मंजूरी मिल गई है।।

♦इस टीके से पांच प्रकार के कैंसर का इलाज संभव हो सकेगा। दावा किया जा रहा है कि यह देश का पहला स्वदेशी कैंसर टीका है।

07. महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट प्रोजेक्ट के अंतर्गत पहले चरण में किन जिलों के पर्यटन स्थलों को आपस में जोड़ा जाएगा

(A) प्रतापगढ, भीलवाड़ा और राजसमन्द

(B) अजमेर, भीलवाड़ा और प्रतापगढ़

(C) उदयपुर, राजसमंद और सलूंबर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➥महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट प्रोजेक्ट हेतु प्रदेश सरकार ने इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए 100 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है.

♦इस प्रोजेक्ट के तहत महाराणा प्रताप से जुड़े ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों के विकास की योजना बनाई गई है. इसके लिए गुड़गांव की एक आर्किटेक्ट फर्म को 6.30 लाख रुपये का टेंडर जारी कर वर्क ऑर्डर दिया गया है.

♦प्रोजेक्ट के पहले चरण में उदयपुर, राजसमंद और सलूंबर के पर्यटन स्थलों को आपस में जोड़ा जाएगा

**08.राजस्थान आईटी दिवस 2025 का आयोजन हाल ही में किस शहर में किया गया था?**

(A) उदयपुर

(B) जयपुर

(C) जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦राजस्थान सरकार राज्य के उभरते स्टार्टअप इकोसिस्टम को प्रदर्शित करने के लिए जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 27-28 मार्च, 2025 को 'राजस्थान आईटी दिवस 2025' का आयोजन किया गया

♦इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवाचार और उद्यमिता को समर्थन देने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता को उजागर करना है।

राज्य सरकार की प्रमुख पहल – आईस्टार्ट के साथ 5,500 से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हैं।

♦आईटी मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने स्टार्टअप को फंडिंग चेक और ई-गर्वेनेस के क्षेत्र में बेहतरीन करने वाले अधिकारियों को अटल ई-गर्वेनेंस अवार्ड से नवाजा गया.

09. हाल ही में 'एन्हंसिंग MSMEs कॉम्पिटिटिवनेस इन इंडिया' रिपोर्ट किसने जारी की?

(a) भारतीय रिज़र्व बैंक

(b) वर्ल्ड बैंक

(c) नीति आयोग

(d) MSME मंत्रालय

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

हाल ही में 'एन्हंसिंग MSMEs कॉम्पिटिटिवनेस इन इंडिया' (Enhancing MSMEs Competitiveness in India) रिपोर्ट, नीति आयोग और Institute for Competitiveness के संयुक्त प्रयास से तैयार की गई है.

- यह रिपोर्ट भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) के समग्र विकास और उनकी वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता को बढ़ाने के लिए एक ठोस रोडमैप प्रस्तुत करती है.
- रिपोर्ट में वित्तीय सहायता, कौशल विकास, नवाचार को बढ़ावा देने और बाज़ार तक बेहतर पहुँच जैसे क्षेत्रों में व्यापक सुधारों की सिफारिश की गई है.

**10. हाल ही में चर्चा में रहा महुआदानर वुल्फ सैंक्चुरी किस राज्य में स्थित है?**

(a) असम

(b) राजस्थान

(c) छत्तीसगढ़

(d) झारखंड

**Important Facts:**

➡ झारखंड के लातेहार जिले में स्थित महुआदानर वुल्फ सैंक्चुरी (Mahuadanr Wolf Sanctuary) भारत का पहला और एकमात्र भेड़िया अभयारण्य है.

♦झारखंड के लातेहार जिले में स्थित महुआदानर भेड़िया अभयारण्य, भारत का पहला और एकमात्र भेड़िया अभयारण्य है, जो भारतीय ग्रे वुल्फ (कैनिस ल्यूपस पैलिप्स) के संरक्षण के लिए समर्पित है.

**Today, Quiz:**

**Q.राजस्थान में मादक पदार्थों की तस्करी व अवैध खेती की सूचना देने हेतु किस पोर्टल की शुरुआत की गई है?**

(a) मादक

(b) मानस

(c) नशात्क

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine